भारत सरकार
श्रम और रोजगार मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या-1878
बुधवार, 4 दिसम्बर, 2019/13 अग्रहायण, 1941 (शक)

राष्ट्रीय करियर सेवा के माध्यम से बेरोजगारी की समस्या का समाधान करना

1878. श्री राम शकलः

क्या श्रम और रोजगार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने बेरोजगारी की समस्या से निपटने के लिए राष्ट्रीय करियर सेवा (एनसीएस) का शुभारंभ किया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार कर्मचारियों तथा नौकरी की इच्छा रखने वाले लोगों के लिए कोई डिजिटल मंच उपलब्ध करा रही है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
श्रम और रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री संतोष कुमार गंगवार)

(क) से (घ): श्रम और रोजगार मंत्रालय, रोजगार मिलान, करियर परामर्श, व्यावसायिक मार्गदर्शन, कौशल विकास पाठ्यक्रमों संबंधी सूचना इत्यादि जैसी विविध रोजगार संबंधी सेवाएं प्रदान करने हेतु राष्ट्रीय रोजगार सेवा के रूपांतरण के लिए राष्ट्रीय आजीविका सेवा (एनसीएस) परियोजना कार्यान्वित कर रहा है। इस परियोजना के तीन घटक हैं-एनसीएस पोर्टल, रोजगार कार्यालयों को आपस में जोड़ना और आदर्श करियर केंद्र। इस परियोजना की सेवाएं डिजीटल प्लेटफॉर्म (www.ncs.gov.in) पर ऑनलाइन उपलब्ध हैं और यह कॉल सेंटर/हेल्पडेस्क द्वारा समर्थित है।

*****